जन्माष्टमी पर विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न

माई झुं.न्यूज। कृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कृष्ण मंदिरों को सजाया गया। भगवान श्रीकृष्ण का फू लों से श्रृंगार किया गया। झांकियां सजाई गई, जिन्हें देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने उपवास रखा। नरहड़ दरगाह में हिंदू-मुस्लिम संस्कृति की झलक देखने को मिली। जहां में एकमात्र इसी दरगाह की जन्माष्टमी मनाने की परंपरा है। कलाकारों ने लोकगीतों से सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल प्रस्तुत की। प्रवासी हिंदुओं ने जात-जडूले किए।

जायरीनों ने दरगाह में विभिन्न पकवानों के भोग सजाए। जन्माष्टमी पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। कहीं कान्हा की झांकियां सजाई गईं तो कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। रात 12 बजते ही जन्मोत्सव आरती के साथ नंद के आनंद भयो...जै कन्हैयालाल की के जैकारे लगे। बधावा गान गूंजने लगे। पंजीरी प्रसाद बांटा गया। शाम से ही भजन-कीर्तन शुरू हो गए थे। पंचामृत स्नान पश्चात देव प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया। लक्ष्मीनाथजी के मंदिर में सजावट की गई। सत्यनारायणजी मंदिर, बिहारीजी मंदिर, गोपीनाथजी मंदिर, कल्याणजी का मंदिर, सफेदी माता मंदिर, श्रीश्याम मंदिर आदि जगह भी कृष्ण जन्म के उत्सव मनाए गए। मान नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में फू लों व लाइटों की सजावट की गई। रवि तुलस्यान एंड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी।

बजरंगलाल मिश्रा के सानिध्य में जन्मोत्सव मनाया व प्रसाद वितरित किया। केशव आदर्श माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में भैय्या-बहनों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों को जीवंत करने वाली झांकियां सजाई। ओखल से बंधे कान्हा, गुरुकुल, गोवर्धन पर्वत की झांकी, पूतना वध आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। बाकरा रोड स्थित जीबी मोदी विद्या मंदिर में समारोह में प्राचार्य संतोष कोटियाल ने कृष्ण महात्म्य बताया। भजन व नृत्य प्रस्तुति दी गई।

स्व.श्री हीरालाल जी केजड़ीवाल की पुण्य-स्मृति में विशाल बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर सम्पन्न

झुंझनूं 1 सितम्बर। स्व.श्री हीरालाल जी केजड़ीवाल की पुण्य-स्मृति में उनके परिवार द्वारा श्रीमती गीतादेवी केजड़ीवाल, बनवारीलाल केजड़ीवाल, सत्यनारायण केजड़ीवाल, सुनीलकमार केजड़ीवाल, ओमप्रकाश राजेन्द्र प्रसाद केजड़ीवाल, पवनकुमार केजड़ीवाल एंव प्रवीणकुमार केजड़ीवाल के आर्थिक सहयोग से रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक गंगाराम अतिथि भवन मोदी रोड़ झुंझुनूं में नि:शुल्क बहुउद्देशीय चिकित्सा परामर्श, लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन शेखावाटी अग्रवाल समाज सेवा संस्थान जयपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि इस शिविर में कुल 774 रोगियो में फिजिशियन डा. ने 65, दन्त रोग विशेषज्ञ डा. अंकुर गोयल ने 80, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. एस.के.भार्गव ने 78, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने 15, आदिनाथ ई.एन.टी.एण्ड जनरल हॉस्पिटल जयपुर के कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ ने 106, रोग विशेषज्ञ डा. भगवानदास ने 61 एवं सहाय हास्पिटल जयपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा शिविर मे आये हुए 369 रोगियो की नि:शुल्क जांच कर उन्हे शिविर में उपलब्ध नि:शुल्क दवाईया प्रदान की गयी। नेत्र आपरेशन वाले 31 चयनित रोगियो को निशुल्क ऑपरेशन करवाने की व्यवस्था के अनुसार उन्हे सहाय हास्पिटल जयपुर ले जाया जावेगा जहां उनका नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण आपरेशन किया जावेगा।

मोतियाबिन्द वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एंव रहने की व्यवस्था के साथ जयपुर लाने लेजाने की व्यवस्था नि:शुल्क की जावेगी। शिविर को सफल बनाने हेतू दानदाता परिवार के ओमप्रकाश केजडीवाल, पवन केजडीवाल, दिनेश केजडीवाल, शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था जयपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी, मंगतुराम टेकडीवाल, विनोद गुप्ता, महेंन्द्र गुप्ता, विनोद शर्मा, अनिल सिंगडोदिया, व्यवस्थापक बृजकिशोर अग्रवाल, स्थानिय जन में रामचन्द्र मोदी, सुनील मोदी, संजीव मोदी, राधाकिशन माथुर, सम्पत्त चुडेलेवाला, नितिन अग्रवाल, परमेश्वर हलवाई, सुभाष क्यामसरिया, विश्वनाथ टिबडा, रामचन्द्र तुलस्यान, सीताराम केडिया, पवन गाडिया, सुशील तुलस्यान, श्रीगोपाल हलवाई, श्रीकान्त पंसारी, राजेश केजडीवाल, गीलूराम मोदी, सहित अन्यजन ने सेवाकार्य किया।

श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

झुंझुनूं, 14 सितम्बर। किसान कॉलोनी स्थित किसान द्वार के पास नगरपरिषद उपसभापति श्रीमती बिमला बेनीवाल व शिव भक्तों द्वारा 14 सितम्बर को मुख्य पूजा सीए रविन्द्र मोरोलिया व श्रीमती शशि मोरोलिा द्वारा की गई। इस अवसर पर महाराज श्रीव्यास प्रेमचन्द वृन्दावन वाले ने भागवत कथा की महिमा व दान की महिमा बताते हुए वामन भगवान की कथा का वाचन किया। सेवा करने से तन व दान करने से धन तथा हरिभजन से मन पवित्र होता है। श्रीव्यास ने शरण में आए हुए शत्रु की भी रक्षा के बारे में बताया।

स्काउट गाइड रैली नवंबर में

माई झुं.न्यूज। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ झुंझुनूं का वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को एसएस मोदी स्कूल में स्थानीय संघ के प्रधान गिलूराम मोदी की अध्यक्षता में हुआ। सीओ स्काउट एम अशफाक पंवार ने बताया कि नवंबर में जिला स्तर पर स्काउट गाइड रैली प्रस्तावित है। सचिव रघुवीर सिंह पूनियां ने गत सत्र का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन पढ़ा।

जीनगर समाज का समाज उत्थान व शैक्षणिक प्रोत्साहन कार्यक्रम सम्पन्न

माई झुं.न्यूज। जीनगर समाज का समाजोउत्थान व शैक्षणिक प्रोत्साहन कार्यक्रम बंधे का बालाजी मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.दलीप पंवार थे व अध्यक्षता समाजसेवी सीताराम आसेरी ने की। मां सरस्वती व बाबा साहब भीमराम अंबेडकर के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित से शुरू हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाजोउत्थान व शिक्षा के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बाबूलाल डाबी ने कहा कि आज हमारे समाज को शिक्षा के साथ राजनैतिक क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बाबूलाल डाबी, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जोधपुर से गोविन्दराम सोनगरा, ताराचंद बागड़ी, मंगतुराम खत्री, पूर्व आई.आर.एस नत्थूराम निर्माण, संपतलाल पंवार, दिल्ली विद्युत निगम में डीजीएम नारायणसिंह जीनगर, जेएम फाईनेशियल मुंबई की वाईस प्रसिडेंट ज्योति खत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि हम शिक्षा के बल पर आगे बढ़े। कार्यक्रम के दौरान बीइंग जीनगर संस्थान दिल्ली के पदाधिकारियों ने समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कैरियर कॉंसील के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया एवं समाज के 140 प्रतिभाशली छात्र-छात्राओं को छ:हजार रूपये के रूप में छात्रवृति की राशि के साथ प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन लोहिया कॉलेज के व्याख्याता सोनू डाबी ने किया।

जी.बी.मोदी में 58 वीं जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन

माई झुं.न्यूज। राजपुताना शिक्षा मण्डल मुम्बई द्वारा संचालित श्री गंगाराम बालकिशन मोदी पब्लिक स्कूल झुझूनं में 58 वीं जिला स्तरीय 14 वर्शीय छात्र-छात्रा खेल कूद प्रतियोगिता का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जुगल किशोर एपीसी आरटीई जिला षिक्षा विभाग प्रारम्भिक एवं अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक के लेखाधिकारी राजकुमार शर्मा ने की । मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय सचिव दिनेश अग्रवाल एवं जिला खेल प्रभारी सुनिल चाहर, गिलुराम मोदी द्वारा माल्यार्पण कर किया गया एवं संस्था प्रधान श्रीमती रंजना मित्तल ने कार्यक्रम के अध्यक्ष लेखधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी को पुश्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर अभिनन्दन किया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजेश सैनी एवं रामनिवास ढाका ने बताया की इस प्रतियोगिता में टेबिल टेनिस, बास्केटबाल, बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाया है- मीणा

झुंझनू 15 सितम्बर। जिले के प्रभारी एवं सहकारिता मंत्री परसादीलाल मीणा ने कहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में सरकार ने हर घर और हर वर्ग तक बिना किसी भेदभाव के सुविधाएं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओ का लाभ पंहुचाने का पूरा प्रयास किया है वे रविवार को यहां जिला परिषद एवं कलेक्ट्रेट (सर्किट हाउस परिसर) में राजीव गांधी भारत निर्माण सेवा केन्द्रों का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

प्रारम्भ में जिला कलेक्टर डॉ. आरूषी मलिक ने इन केन्द्रों की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। समारोह के अध्यक्ष एवं जिला प्रमुख डॉ. हनुमान प्रसाद, उप जिला प्रमुख विधाधर सिंह गिल, सभापति खालिद हुसैन, झुंझुनू पंचायत समिति प्रधान सुशीला सीगड़ा, महेन्द्र सिंह झाझड़िया आदि ने भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

समारोह में अपर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार कोठारी, खेतड़ी पंचायत समिति प्रधान बजरंग सिंह चारावा, केन्द्रीय सहाकरी बैंक के अध्यक्ष ओमप्रकाश कैरू, उपखण्ड अधिकारी रिछपाल सिंह बुरड़क, चिड़ावा पंचायत समिति के पूर्व प्रधान निहाल सिंह, पूर्व विधायक नवरंग सिंह, पार्षद जाहिद अली खोखर सहित पंचायत समिति एवं जिल परिषद सदस्य सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक सत्यवीर झाझड़िया ने किया। मंत्री परसादीलाल मीणा ने राजीव गांधी भारत निर्माण सेवा केन्द्र परिसर से तीन तहसीलर स्तरीय चल पशु चिकित्सा इकाई को हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया।

श्रीमती ज्ञानवती बाई रामनाथ पोद्दार का निधन

माई झुं.न्यूज। नवलगढ़ निवासी मुम्बई के शैरीफ कांती कुमार आर. पोद्दार की माताश्री श्रीमती ज्ञानवती बाई पोद्दार का 8 सितम्बर को मुम्बई में निधन हो गया। शवयात्रा में अनेक उद्योगपति, राजनेता व समाज बन्धुओं ने शामिल होकर अश्रुपुरित श्रद्धांजलि दी। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत मुरारका ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि श्रीमती पोद्दार धर्मपरायण, शिक्षा प्रेमी व सेवाभावी महिला थी। आपके परिवार द्वारा मुम्बई, भवानी मण्डी, जयपुर व नवलगढ़ में अनेक शैक्षणिक संस्थाओं का संचालन किया जाता है जिनमें भी शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई।

सैनी स्मृति शिविर का 118 ने पाया लाभ

झुंझुनूं, 1 सितम्बर। लॉयन्स क्लब सिटी ग्रेटर झुंझुनूं द्वारा स्व. गोपालराम सैनी की स्मृति में बगड़ रोड़ स्थित सैनी मंदिर में लगाये गये दंत एवं मधूमेह चिकित्सा शिविर का 118 रोगियों ने लाभ उठाया।

शिविर का शुभारम्भ स्व. सैनी के चित्र पर कल्ब अध्यक्ष जीलाल चौधरी, लॉयन्स मो. सफी, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र सैनी, सुरेश रोहिला, पाषद रामकुमार सैनी ने पुष्प अपित कर किया। शिविर में नवलगढ़ के दंत चिकित्सक डॉ. रामचंद्र सैनी, बीडीके अस्पताल के वरिष्ठ फि जिशियन डॉ. कमलचंद सैनी, आयुवेद के डॉ. राजेश सीकरवाल ने अपनी सेवाएं दी। शिविर संयोजक पूणसिंह सैनी ने बताया कि शिविर में आये रोगियों को नि:शुल्क दवा के साथ दातों की हिफ जित रखने के टिप्स बताये गये। इस अवसर पर पुरूषोतम जांगिड़, जीएस कुमावत, खुशीद हुसैन, बिहारीलाल सैनी, बीएन जांगिड़, मो. सफी नागौरी, फ रूक कुरैशी, नवल खंडेलिया, बीओबी प्रबंधक सुनील टुटू, राजेंद्र जगनानी, आरए गौड़, ताराचंद राजोरिया, रामलाल मुनिम आदि ने सेवाएं दी।

3 लाख 85 हजार रूपये का भुगतानं करने के निर्देश

झुंझुनू 13 सितम्बर। उपभोक्ता मंच ने दी ऑरियंटल इश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के झुंझुनू शाखा प्रबधंक को चोरी हुए वाहन की बीमा राशि के अलावा परिवादी को संताप व उसके द्वारा खर्च की गई राशि के भुगतान का आदेश दिया है। मंच के अध्यक्ष गंगा सिंह शेखावत, सदस्य अजय कुमार मिश्रा व शबाना फारूकी ने बताया कि राजगढ़ निवासी सोहनलाल ने अपनी बोलरो जीप का बीमा उक्त कम्पनी से करवाया था। 5 अक्टूबर 2011 को उसके घर से गाड़ी चोरी हो गई थी। परिवादी ने बताया कि बीमा कम्पनी ने सूचना समय पर नहीं देने की बात कहते हुए बीमा राशि देने से इंकार कर दिया।

नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर कवि सम्मेलन

माई झुं.न्यूज। मुकुंदगढ़ में पबाना स्थित एक होटल में नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित कवि सम्मेलन में पधारे कवियों ने वर्तमान परिस्थितियों में बाबाओं, नेताओं और राजनीति को आड़े हाथों लेते हुए प्रहार किए। शंकर शिखर जयपुर ने बाबाओं व नेताओं पर व्यंग्य बाण चलाए। अशोक चारण ने कानून मंत्री के बयान व चीन के खिलाफ र चना पेश की। ख्याति प्राप्त कवि डॉ. हरिओम पंवार ने शेखावाटी की वीर प्रसूता को नमन किया और ग्रामीणों को मन से कविता सुनने पर साधुवाद दिया। उन्होंने संविधान, भारतीय संस्कृति व राजनीति से जुड़ी रचनाएं पेश की। दर्शक दीर्घा में बैठे युवाओं ने भारत माता के जयकारे लगाए। आदित्य चौधरी ने आगंतुकों का स्वागत किया व आभार जताया।

बनवारीलाल सिंघानिया नहीं रहे

माई झुं.न्यूज। श्री झाबरमल सिंघानिया जन कल्याण कोष्ज्ञ चूड़ी अजीतगढ़ के वरिष्ठ ट्रस्टी एवं सिंघानिया पविार के सबसे बड़े सदस्य श्री बनवारीलाल सिंघानिया मुम्बई का स्वर्गवास 21 अगस्त 2013 को हो गया। वे 87 वर्ष के थे एवं सात भाईयों में सबसे बड़े थे। उनकी आत्मा की शांति के लिए सिंघानिया परिवार परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है।

झाबरमल सिंघनिया जन कल्याण कोष का प्रतिभा सम्मान समारोह

माई झुं.15 अगस्त। नेमानी उच्च माध्यमिक विद्यालय चूडी अजीत गढ़ के प्रांगण में स्कूल के बच्चों द्वारा पीटी का भव्य प्रदर्शन तथा अनेक राष्ट्रभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। ध्वजारोहण स्कूल के प्राचार्य योगेन्द्र सिंह शेखावत ने किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष्ज्ञता सीताराम पूर्व प्राचार्य, श्रीमान पारीकजी मुख्य अतिथि तथा एम.एल. सिंघनिया ट्रस्टी नानूलाल पाण्डे, मदन सिंह शेखावत, सीताराम वर्म, पूर्व प्राचार्य सत्यनारायण पीटीआई मौजूद थे। मंच पर श्री झाबरमल सिंघानिया जन कल्याण कोष चूडीअजीतगढ़ द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न किया गया। ट्रस्ट के एगजीक्यूटिव ट्रस्टी एम.एल. सिंघानिया ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा चूड़ी अजीगतढ़ ग्राम की सभी सात शालाओं में आठवी, दसवी एवं बारहवीं कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का नगर पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाता है। इसके अलावा ग्राम के प्रतिभावान छात्र जिन्होंने सी, एमबीए, बी.टेक, एमबीबीएस, एमसीए, सीएस आदि उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किये जाते हैं। ट्रस्ट द्वारा सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों को सम्मान मुख्य अतिर्ाि एवं अध्यक्ष द्वारा किया गया।

माई झुं.न्यूज। जिला स्वर्ण जयन्ती स्टेडियम में गुरूवार को पोर्च एंव ट्रेक कार्य का शिलान्यास सैनिक कल्याण राज्यमंत्री बृजेंद्र ओला ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ. आरूषी मलिक ने की। विशिष्ट अतिथि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद सचिव महावीरप्रसाद वर्मा, पीडब्लूडी एक्सईएन सायरमल मीणा थे। खेल अधिकारी राजेश ओला ने बताया कि 25 लाख रूपए की लागत से पोर्च निमाज़ण व करीब सात लाख रूपए की लागत से ट्रेक रिनोवेशन का कार्य कराया जाएगा। संचालन सत्यवीर झाझडिया ने किया